# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 15 सितंबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले में स्थित गंगा-भैरव घाटी में जल्द ही लेपर्ड सफारी विकसित होगी?

(A) अजमेर
(B) कोटा
(C) बीकानेर
(D) इनमें से कोई नही

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से अजमेर की गंगा-भैरव घाटी में जल्द ही लेपर्ड सफारी विकसित होगी। इस परियोजना से न केवल पर्यटन को नया आयाम मिलेगा बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार और आय के अवसर प्राप्त होंगे।
- काजीपुरा, खरेखड़ी, अजयसर और आसपास के गांवों में फैली गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। रणथंभौर, सरिस्का, रावली-टॉडगढ़ और जवांई बांध की तर्ज पर इस घाटी को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा, जहां सैलानी तेंदुओं के साथ-साथ घाटी के मनोरम दृश्य का आनंद ले सकेंगे।
- इस परियोजना पर लगभग 19 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिसमें शुरुआती चरण में 6 करोड़ रुपए से काम शुरू किया जाएगा।

Yesterday Revision

⭕. हाल ही में राजस्थान सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत राजस्थान में कुल कितने आवास स्वीकृत किए हैं?-9,763

⭕. हाल ही में केंद्र ने राज्य को शहरी विकास और समग्र शिक्षा अभियान के लिए कुल कितने करोड़ रुपये का अनुदान देने की घोषणा की है।?- 1121 करोड़ रुपये

⭕. राजस्थान में किस जिले के मशहूर वास्तुकार प्रमोद जैन, मेसर्स प्रमोद जैन एंड एसोसिएट्स ने प्रतिष्ठित डिज़ाइन स्केप पुरस्कार 2025 प्राप्त किया है?- जयपुर

⭕. हाल ही में राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने 12 सितम्बर को राजस्थान डॉमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के 5वें संस्करण का उद्घाटन कहां किया?-जयपुर

⭕. राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर कितनी कर दी है?-30 सितंबर

01. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा राजस्थान के किस रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की घोषणा की गई है?

(a) गांधीनगर रेलवे स्टेशन

(b) खातीपुरा रेलवे स्टेशन

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान की राजधानी जयपुर के दो स्टेशनों का नाम बदलने वाला है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा गुरुवार को इस बात की जानकारी दी गई। इन दोनों स्टेशनों के नाम के साथ जयपुर शब्द को जोड़ा जाएगा ताकि यात्रियों को आसानी से पहचान मिल सके।

⭕ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गांधीनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर गांधीनगर और खातीपुरा स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर खातीपुरा किया

⭕ गुजरात में भी गांधीनगर स्टेशन है जिससे यात्रियों को भ्रम हो जाता है इसलिए इसका नाम बदल जाएगा

**02. हाल ही में 12वें कूडो राजस्थान स्टेट टूर्नामेंट 2025-26 के अंडर-14 आयुवर्ग में जोधपुर के हृदयांश चांदावत ने कौनसा पदक जीता है?**

(A) रजत पदक

(B) कांस्य पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

- 12वें कूडो राजस्थान स्टेट टूर्नामेंट 2025-26 के अंडर-14 आयुवर्ग में जोधपुर के भाई-बहन ने गोल्ड मेडल जीते हैं। डीपीएस स्थित रॉयल रिसोर्ट में हुए टूर्नामेंट में बॉयज वर्ग के 46 किलो भारवर्ग में हृदयांश चांदावत और गर्ल्स में हृदयांशी चांदावत ने गोल्ड जीता।
- चर्चित खिलाड़ी : हृदयांश – हृदयांशी चांदावत (जोधपुर)

▪खेल – कूडो
▪प्रतियोगिता – 12वां कूडो राजस्थान स्टेट टूर्नामेंट 2025-26
▪उपलब्धि – अंडर-14 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल
▪ हृदयांश चांदावत – बॉयज 46 किग्रा भार वर्ग (गोल्ड)
◦ हृदयांशी चांदावत – गर्ल्स वर्ग (गोल्ड)

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. राजस्थान में मातृ मृत्यु दर घटकर कितनी दर्ज की गई है है?

(A) 199 प्रति 1 लाख

(B) 86 प्रति 1 लाख

(C) 93 प्रति 1 लाख

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। एसआरएस सर्वे के अनुसार प्रदेश में मातृ मृत्यु दर घटकर 86 प्रति एक लाख जीवित जन्म दर्ज की गई है।
- देश का औसत – 93 प्रति 1 लाख जीवित जन्म
- वर्ष 2014-16 में प्रदेश की मातृ मृत्यु दर 199 थी (राष्ट्रीय औसत 130)
- सर्वे के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव 94.9 प्रतिशत है जो अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर है।

04. कोणार्क कोर ने 'दक्षिणी कमान सीमांत जिला मिलिट्री सिविल फ्यूज़न संगोष्ठी' का आयोजन राजस्थान के किस जिले में आयोजित किया?

(A) जोधपुर

(B) जैसलमेर

(C) बाड़मेर

(D) उपरोक्त सभी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- कोणार्क कोर ने 'दक्षिणी कमान सीमांत जिला मिलिट्री सिविल फ्यूज़न संगोष्ठी' का आयोजन राजस्थान के तीन जिलों जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में किया।
- पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन के अनुसार यह सम्मलेन में ऑपरेशन सिंदूर जैसी स्थिति से निपटने के लिए सैन्य बलों एवं सिविल प्रशासन के बीच तालमेल को और मजबूत करना तथा राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु के विषय में चर्चा किया गया |
- इसका उद्देश्य विचार-विमर्श और सर्वश्रेष्ठ सेवाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के लिए मज़बूत ढाँचे का निर्माण करना व एक समग्र एवं समावेशी राष्टीय दृष्टिकोण को समाहित करना था।

05. राजस्थान में श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा किस कला में प्रशिक्षण हेतु 25 सदस्यीय दल को उत्तरप्रदेश में स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट भेजा है?

(A) जड़ाई

(B) टेराकोटा

(C) कठपुतली कला

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- कौशल विकास को साकार रूप देते हुए श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार अपने ट्रेनर्स को और अधिक पारंगत कर रहा है। इसी दिशा में चयनित माटी कलाकारों को प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर्स के हुनर को तराशने के लिए बोर्ड ने उत्तर प्रदेश के खुर्जा स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट भेजा है।
- 25 सदस्यीय दल के वाहन को बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने उद्योग भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल खुर्जा में 15 से 21 सितंबर तक खासकर टेराकोटा पॉटरी का प्रशिक्षण लेगा।
- बजट घोषणा 2025-26 के तहत 2000 कलाकारों को मिट्टी गूंथने की मशीनें व इलेक्ट्रिक चाक व प्रशिक्षण मिलेगा
- श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक

06. राजस्थान के जयपुर में किसके सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा?

(A) लघु उद्योग भारती

(B) रीको

(C) राजसीको

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि लघु उद्योग भारती के सहयोग से जयपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा और इस प्रोग्राम के जरिए लगभग 5000 युवाओं को ट्रेनिंग भी मिलेगी।
- इससे राजस्थान के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे
- केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जयपुर में एक इंटीग्रेशन केंद्र स्थापित करने वाले हैं और यह सेंटर स्टार्टअप्स को रेलवे सेक्टर से जोड़ेगा। यहां पर युवाओं को मेंटरशिप निवेश और नेटवर्किंग की सुविधा मिलेगी।
- जयपुर में एक बड़ा मेंटेनेंस हब बनकर तैयार होगा जहां 12 से 18 ट्रेनों का देखरेख हो पाएगा

**07. हाल ही में कितने जिलों में 667 परिवारों को प्लॉट और फ्लैट देने हेतु राजस्थान आवासन मंडल की आवासीय योजनाएं शुरू हुई है?**

(A) 3 जिलों में

(B) 9 जिलों में

(C) 5 जिलों में

(D) इनमें से कोई नही




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने पिछले महीने अगस्त में राजस्थान आवासन मंडल की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजनाएं शुरू की गई थीं. इसके तहत राजस्थान के 5 जिलों में विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत 667 परिवारों को प्लॉट और फ्लैट देने की योजना है.
- नगर विकास और आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने योजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा था कि इससे उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर जैसे जिलों में आमजन को एक बेहतर आवासीय विकल्प मिलेगा. इनके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर है.
- इन सभी योजनाओं में मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा

08. राजस्थान का पहला कंगारू मदर केयर (केएमसी) लाउंज किस जिले के खेरवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किया गया है?

(A) बीकानेर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान का पहला कंगारू मदर केयर (केएमसी) लाउंज उदयपुर जिले के खेरवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किया गया है। यह इकाई मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की एक अभिनव पहल होगी।

⭕ कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अप्रैल 2025 में केएमसी लाउंज के मॉडल विकास की पहल की गई थी, जिसे अगस्त 2025 तक एक अभिनव मॉडल के रूप में स्थापित किया जाना है

⭕ कंगारू मदर केयर यूनिट जीरो सेपरेशन पॉलिसी पर आधारित है। इसके अंतर्गत माँ और शिशु को अलग किए बिना एक साथ रखने की व्यवस्था की गई है।

**09. हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने किस राज्य में ₹5,000 करोड़ की लागत से निर्मित इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया है?**

**(A) असम**

**(B) ओडिशा**

**(C) मध्यप्रदेश**

**(D) इनमें से कोई नही**





**Important Facts:**

⭕ प्रधानमंत्री मोदी ने असम के नुमालीगढ़ में ₹5,000 करोड़ की लागत से निर्मित बांस-आधारित 2G बायोएथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया, जो बांस का उपयोग करने वाला दुनिया का पहला संयंत्र है।

⭕ यह भारत के E20 इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य (2025 में प्राप्त) का समर्थन करता है और बांस-प्रचुर पूर्वोत्तर से हरित ईंधन को बढ़ावा देता है।

⭕ यह शून्य-अपशिष्ट संयंत्र इथेनॉल, हरित रसायन, CO2, जैव-कोयला और 25 मेगावाट हरित ऊर्जा का उत्पादन करता है।

**10. हाल ही में भारत में राष्ट्रीय हिंदी दिवस 2025 कब मनाया गया है?**

(A) 11 सितंबर

(B) 14 सितंबर

(C) 12 सितंबर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत में हिंदी दिवस 2025 मनाया गया: 14 सितंबर
- हिंदी दिवस 14 सितंबर 2025 को मनाया गया, जो 1949 में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाने का प्रतीक है।
- यह दिवस संविधान सभा द्वारा अनुच्छेद 343 के अंतर्गत संघ के उद्देश्यों के लिए देवनागरी लिपि में हिंदी का उपयोग करने के निर्णय की स्मृति में मनाया जाता है।
- यह दिवस हिंदी की साहित्यिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और शिक्षा एवं शासन में व्यापक उपयोग को बढ़ावा देता है।
- विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि 10 जनवरी 1975 को नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने 12 सितम्बर को राजस्थान डॉमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के 5वें संस्करण का उद्घाटन कहां किया?**

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine